Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 13-12-2021 | अंक 83

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com


## चार महीने बाद भी बरही में नही हुआ बीडीओ का पोस्टिंग, विकास कार्य बाधित




बरही प्रखण्ड कार्यालय

**अपेम लाइवः बरही**

बरही प्रखंड में पिछले चार महीना से बीडीओ का पोस्टिंग नही हुआ है। जिससे विकास का कार्य प्रभावित हो रहा है। विदित हो कि अगस्त में ही बरही से बीडीओ का स्थांतरण हो गया है और उसी समय से बरही सीओ को बीडीओ का पदभार मिला हुआ है। जिससे प्रखंड़ कार्यालय का सारा काम कच्छप गति से चल रहा है। लेकिन आज तक बरही में बीडीओ का पोस्टिंग नही हो पाया है। जिसके कारण दूर दराज से आये ग्रामीणों को काफी परेशानी होती है।

**इन कामो में आई है गिरावट**

उत्तम उर्वरक शुद्ध बीज वितरण, भूमि सुधार संबंधी कार्यक्रम, सरकारी योजनाओं का लाभ, रोजगार सृजन योजनाएं, आर्थिक सहायता, लोन की व्यवस्था, पशुपालन जानकारी, कुटीर एवं लघु उद्योग आदि के कार्य प्रभावित हैं।

### क्या कहते है बरही के समाजसेवी



कपिल प्र0 केशरी

**अपेम के मुख्य संरक्षक** सह बरही पश्चमी के भावी पंचायत समिति सदस्य उम्मीदवार कपिल प्रसाद केशरी ने कहा कि बीडीओ का प्रभार सीओ को दिया गया है। जिससे काम का अत्यधिक बोझ है तो दूसरी तरफ आम लोगों का कामकाज प्रभावित हो रहा है लोग बड़ी संख्या में आज भी प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड, मनरेगा, पेंशन योजना आदि समस्याओं से वंचित है। इन सभी कार्यो में तेजी लाने के लिए बीडीओ की पोस्टिंग जरूरी है। ताकि सीओ के ऊपर अति. रिक्त बोझ कम हो सके तथा प्रखंड के कार्य को तेजी मिल सके



मो0 क्युम

**बरही पूर्वी जीप प्रतिनिधि मो क्यूम** ने कहा कि बरही प्रखंड कार्यालय में बीडीओ के ना होने से विकास का कार्य बाधित हुआ है। जिसमे मनरेगा, आवास से संबंधित कार्यो में काफी परेशानी हो रही है। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों के बढ़ती परेशानियों को देखते हुए कहा कि बरही में जल्द से जल्द बीडीओ की पोस्टिंग हो।



राजेन्द्र प्र0 कुशवाहा

**वही धनवार पंचायत के पूर्व मुखिया** सह समाजसेवी ने राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि दो पदों पर आसीन रहने से सरकारी कार्यो के सुचारू रूप से चलाने के लिए अतरिक्त बोझ के कारण पदाधिकारियो पर दबाव होता है। कार्यो को समय पर पूरा नही हो पाने से ग्रमीणों में असंतोष पैदा हो रहा है। अतः जल्द ही बीडीओ का बहाल होना आवश्यक है।

## उमवि भाण्डारो के बच्चों को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण, विद्यालय के शिक्षक भी रहे शामिल

### हुंडरू जल प्रपात, बिरसा जैविक उद्यान एवं मछली घर को देख बच्चे हुए रोमांचित

**अपेम लाइवः बरही**

उत्क्रमित मध्य विद्यालय भंडारों के विद्यालय प्रशासन की ओर से बच्चो का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण में कुल 51 बच्चे शामिल रहे। शैक्षणिक भ्रमण के तहत बच्चो को सर्वप्रथम हुंडरू जलप्रपात दिखाने ले जाया गया। जहां पर हुंडरू जलप्रपात के विषय में शिक्षकों के द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई कि कोइ भी जलप्रपात कैसे बनता है। उसके बाद बच्चे बिरसा जैविक उद्यान ओरमांझी रांची गए, जहां पर विभिन्न जानवरों को पहली बार देखकर बच्चे रोमांचित हुए। यात्रा के अगले क्रम में बच्चे मछली घर पहुंचे, जहां 120 प्रकार के मछलियों को देखकर बच्चों की खुशी से झूम उठे। शैक्षणिक भ्रमण के आयोजन में प्रधानाचार्य किशोरी महतो का अहम योगदान था। उन्होंने कहा कि ग्रामीण परिवेश के बच्चों का इस प्रकार का शैक्षणिक यात्रा शिक्षा और जीवन दोनों के लिए बहुत ही



शैक्षणीक भ्रमन का आनन्द लेते स्कुली बच्चे

लाभदायक होता है। शैक्षणिक यात्रा में बच्चों के साथ साथ शिक्षक मोहम्मद शाहिद अख्तर, अजय कुमार महतो, मो ताजुद्दीन अंसारी, सिराजुद्दीन , मुबारक हुसैन भी शामिल थे। बच्चो को शैक्षणिक भ्रमण करवाकर सही सलामत बच्चो को घर तक पहुंचाने में अहम योगदान रहा। विदित हो कि प्रत्येक साल इस तरह की यात्रा का आयोजन किया जाता है। पिछले साल बच्चे बोधगया और राजगीर की यात्रा पर गए थे।

## संगठ्न मजबूती को लेकर भाजपाइयों ने की बैठ्क

**अपेम लाइवः बरही**

भारतीय जनता पार्टी बरही पूर्वी समिति की बैठ्क करियातपुर में मंडल प्रभारी शैलेन्द्र सिन्हा के उपस्थिति में मंडल अध्यक्ष बंधन यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन महामंत्री कमल शंकर पंडित ने किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सभी पंचायतों का सघन दौरा करना चाहिए। जिससे लोगों में भारतीय जनता पार्टी के तरफ रुझान बढ़ेगा और अधिक से अधिक लोग पार्टी से जुड़ सके। वही किशुन यादव ने भाजपा कार्यकर्ताओं को संगठन के मजबूती व विस्तार करने के लिए टिप्स दिया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि जबतक संगठन मजबूत नहीं होगा तब तक क्षेत्र का विकास नहीं होगा। इस बैठक में मंडल महामंत्री डोमन पाण्डेय, उपाध्यक्ष नन्दलाल कुशवाहा, ओबीसी प्रमंडली प्रभारी किसुन यादव, पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष मोतीलाल चौधरी, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष रामशरण पासवान, सांसद प्रति. निधि डोमन पांडेय, अनूसूचित जन जाति मोर्चा अध्यक्ष रामचंद्र टुडू, उपाध्यक्ष मनीलाल चौधरी, संतोष प्रजापति, यूवा मोर्चा महामंत्री सागर कुमार, अभिषेक केशरी रामचंद्र कुशवाहा, इत्यादि कार्यकर्ता शामिल हुए।



बैठक मे शामिल लोग







# प्लस टू उच्च विद्यालय में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन, सफल प्रतिभागी हुए पुरस्कृत

## माँ विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ एजुकेशन पदमा के प्रशिक्षुओं ने पूछे सवाल



प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक गण

**अपेम लाइव : बरही**

माँ विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ एजुकेशन पदमा की ओर से +2 उच्च विद्यालय बरही में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमे कक्षा 9वी से 12वी तक के सभी छात्र एवं छात्राएं शामिल हुए। प्रश्नोतरी कार्यक्रम में माँ विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ एजुकेशन पदमा से आये प्रशिक्षुओं में रविप्रकाश, सौरभ, सकलदेव यादव, चंदन कुमार, अर्जुन कुमार, राकेश कुमार, श्वेता कुमारी ने प्रतिभागियों के लिए सवाल तैयार किया। सभी



प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इसमें सफल विद्यार्थियो मांसू कुमार, सन्नी कुमार, रौशन कुमार, प्रियांसु कुमार, निधि कुमारी, नैना कुमारी, काजल कुमारी, स्वाति कुमारी , सचिन कुमार , अमन कुमार इत्यादि को इस विद्यालय के प्रधानाचार्य शिव कुमार के द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर शिव कुमार, योगेंद्र कुमार सिंह, सुनील कुमार दिवेदी, रामचन्द्र मंडल, अनिल कुमार, राजेश कुमार, प्रीति बाला, भारती रंजन, रामचन्द्र गुप्ता, दिलीप कुमार आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# पारा शिक्षकों ने विधायक अमित यादव को मांग पत्र सौंपा

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**



विधायक को मॉग पत्र सौंपते पारा शिक्षक

बरकट्ठा एकीकृत पारा शिक्षक संघर्ष मोर्चा प्रखंड इकाई बरकट्ठा के सदस्यों ने विधायक अमित कुमार यादव को अपना नियमावली और वेतनमान को लेकर मांग पत्र सौंपा, जिसमें मुख्य रुप से 11 दिसंबर को अष्टमंगल कमिटी के साथ बैठक में लिए गए निर्णय का विरोध करते हुए 30 परसेंट और 50 परसेंट बुद्धि का विरोध करते हुए सीधे वेतनमान लागू करने का पारा शिक्षकों ने आग्रह किया। इस मौके पर विधायक ने भी आश्वासन दिया कि हम आपकी बातों को विधानसभा में उठाएंगे और हम अपने स्तर से पूरी कोशिश करेंगे कि आप लोगों को नियमावली 29 दिसंबर तक लागू हो जाए। प्रखंड सचिव शुकर ठाकुर ने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में बनी सरकार से राज्य के तमाम पारा शिक्षकों के कल्याण की उम्मीद जगी है द्य आपने स्वयं विधानसभा चुनाव 2019 के पूर्व की प्रत्येक चुनावी सभा में सरकार बनने के तीन माह के अंदर राज्य के तमाम पारा शिक्षकों को स्थायी करते हुए वेतनमान देने का वायदा किया था जो आज दो वर्ष बीतने के बावजूद तक पूरा नहीं हो सका है । अब तक अंतिम विधिवत वार्ता में ( 07 एवं 18 अगस्त 2021 ) बिहार मॉडल पर आधारित नियमावली को लागू करने की बात तय हुई है । 13 नवंबर 2021 को मंत्री जगरनाथ महतो के साथ एकीकृत पारा शिक्षक संघर्ष मा. ेर्चा की वार्ता में स्पष्ट रूप से बताया गया कि विभाग द्वारा तैयार प्रस्तावित नियमावली को तमाम प्रक्रिया ( विधि , वित , कार्मिक एवम कैबिनेट ) पूर्ण कराते हुए 29 दिसंबर 2021 को सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर होनेवाले कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जी द्वारा लागू करने की घोषणा की जाएगी । आपकी सरकार बनने के तीन माह के अंदर स्थायीकरण , वेतनमान मिलने की आस लगाए राज्य के तमाम पारा शिक्षक इस बार 29 दिसंबर 2021 को इस अवसर को अंतिम आश्वासन मानते हुए भरोसा बनाए हुए राज्य के तमाम पारा शिक्षक 29 दिसंबर 2021 को सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में नियमावली की घोषणा के साक्षी बनने हेतु फूल माला के साथ मोराबादी मैदान पहुंचेंगे । नियमावली लागू करने की घोषणा के साथ हीं संघीय शिष्टमंडल मुख्यमंत्री जी , शिक्षा मंत्री सहित तमाम मंत्रियों को पुष्पहार समर्पित करेगा । यदि नियमावली लागू करने की घोषणा नहीं हुई तो कार्यक्रम सहित राज्य भर में व्यापक विरोध किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जवाबदेही राज्य सरकार की होगी । मौके पर प्रखंड सचिव शुकर ठाकुर ,जिला स्तरीय सदस्य लिलधारी प्रसाद, कोषाध्यक्ष बहादुर ठाकुर ,मीडिया प्रभारी राजेश ठाकुर ,राजन चौधरी ,रविंद्र ठाकुर, मधु लाल, पूनम देवी ,रेखा देवी ,मोनिका कुमारी , सरजू प्रसाद, विजय कुमार ,समेत कई पारा शिक्षक उपस्थित थे।

### आज का पंचाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांक :---14.12.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शके :---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ऋतु :---हेमन्त
माह :---मार्गशीर्ष
पक्ष :---शुक्ल पक्ष
तिथि :---एकादशी तिथि
दिन :---मंगलवार
नक्षत्र :---अश्विनी नक्षत्र
योग :---वरियांन
करण :---व
सूर्योदय :---प्रातः 06:47
सूर्यास्त : संध्या 05:13
सूर्य :---वृश्चिक राशि में
चंद्रमा :---मीन राशि में
आज का राहूकाल दिन :---03:00 बजे से दिन :---04:30 बजे तक
अभिजीत मुहूर्त :---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
आज का पर्व त्यौहार, मुहूर्त व खास :---आज भोलेनाथ को दुग्धाभिषेक करने से सभी कार्य सिद्ध होता है। व भय दूर होता है।

(नोट :---09-12-2021 के संध्या 04:05 से 14-12-2021 प्रातः05:08 तक पंचक रहेगा।)



संदीप शर्मा

आलेख---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

APEM LIVE NEWS
सच का साथी

दिनांक: 13-12-2021
सच का साथी
अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर
पेज संo: 03

# बरही पश्चिमी जिला परिषद के शिक्षित,योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबो का मसीहा, भावी उम्मीदवार श्रीमती कुंती देवी (शिक्षिका) का संकल्प,

---

# बरही पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र को आदर्श जिला परिषद बनाना है।

**शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व स्वरोजगार पर जोर, बरही चौक का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता**



श्रीमती कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी
बरही पश्चिमी भाग

## हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1. बरही के प्रवासी मजदूरों के लिए बरही क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्था करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. बरही में पॉलटेक्निक कॉलेज एवं महिला कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गो एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं बरही में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना
9. रियाडा प्रक्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
10. बरही के जलाशयों से सिंचाई की व्यवस्था कराने पर रहेगा जोर



तापेश्वर प्रसाद
समाजसेवी ,
बरही पश्चिमी भाग

**वायदे ही नही इरादे भी, नई सोच के साथ बरही का विकास भी, आइए हम सब मिलकर बरही के विकास के लिए श्रीमती कुंती देवी को साथ दें ।**

निवेदक: बरही पश्चिमी जिप क्षेत्र की जनता

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर



## झारखंड कुशवाहा महासभा की बैठक सम्पन्न

### सरिया में प्रस्तावित तृतीय महासम्मेलन के आयोजन पर की गई चर्चा

**अपेम लाइवः चँदवारा**
**धीरज कुमार**


झारखंड कुशवाहा महासभा की बैठक में उपस्थित समाज के लोग

चंदवारा प्रखंड के उरवां झील रेस्टोरेंट के पीछे झारखंड कुशवाहा महासभा की बैठक जिला अध्यक्ष अनंत कुमार मेहता की अध्यक्षता में की गई। जबकि सभा का संच. ालन महेश प्रसाद ने किया। बैठक में अतिथि के रूप में डॉ० द्वारिका कुमार, विनोद मेहता व के.के. निराला मुख्य रूप से उपस्थिति थे। इस दौरान कोडरमा जिला कमेटी, प्रखंड कमेटी व पंचायत कमेटी का गठन किया गया साथ ही आगामी 25 दि. सम्बर को सरिया में प्रस्ता. वित तृतीय महासम्मेलन के आयोजन पर चर्चा किया गया। इन दौरान दहेज प्रथा व नशाबंदी पर रोकथाम एवं शिक्षा पर विशेष चर्चा की गई। मनोनीत जिला एवं प्रखंड कमेटी के सदस्यों में जिला उपाध्यक्ष सरजू प्रसाद वर्मा, भैरव प्रसाद वर्मा, जिला सचिव रमेश प्रसाद, महेश प्रसाद, जिला युवा उपाध्यक्ष रघुवीर कुमार, दीपक कुशवाहा, जिला युवा सचिव बहादुर प्रसाद कुशवाहा, जिला सलाहकार द्वारिका प्रसाद, जिला कृषि उपाध्यक्ष अशोक कुमार, चंदवारा प्रखंड अध्यक्ष सकलदेव प्रसाद, प्रखंड उपाध्यक्ष बंटी कुमार, प्रखंड सचिव राजेश प्रसाद, प्रखंड संगठन सचिव राम प्रसाद वर्मा, प्रखंड कोषाध्यक्ष अरुण कुमार मंडल, प्रखंड महासचिव रामजी प्रसाद, प्रखंड सलाहकार अध्यक्ष दिलीप बर्मा, उपाध्यक्ष अर्जुन प्रसाद, प्रखंड सोशल मीडिया प्रभारी बलराम कुशवाहा का नाम शामिल है। धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार कुशवाहा ने किया।

## भाजपा पश्चिमी मंडल का संगठनात्मक बैठक सम्पन्न

### सीडीएस बिपिन रावत सहित अन्य 13 शहीदों को दिया गया श्रद्धांजलि

**अपेम लाइवः चौपारन**
**किशोर कुमार**


बैठक मे शामिल लोग

साहू भवन चौपारण में पश्चिमी मंडल का संगठनात्मक बैठक संपन्न हुवा। बैठक की अगुवाई मण्डल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा एवं संचालन उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता ने किया । इस दौरान पूर्व CDS स्व0 विपिन रावत एवं 13 अन्य सैनिको की सहादत पर 2 मिनट का मौन रखकर उन्हे श्रध्दांजलि अर्पित किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय ने संगठन को मजबूत करने पर बल देते हुए कहा कि चौपारण पश्चिमी मे कुल 88 बुथो पर कमिटी यथाशीघ्र बनाऐ जाए। ताकि आगामी चुनाव मे हम मजबूती से खडा रह सके । अनुवजाति के जिला उपाध्यक्ष रामस्वरूप पा. सवान ने कहा कि हम सब इस बार बरही विधान सभा मे इतिहास रचेगे इसके लिए हम सबको अभी से तैयारी करनी होगी। बैठक में महामंत्री कृष्ण कुमार साव, पूर्व मण्डल अध्यक्ष भरत सिंह, पूर्व सांसद प्रतिनिधि अशोक गुप्ता उपाध्यक्ष रामाधीन पाण्डेय, मनीष सिन्हा राजेश गुप्ता, बृजनंदन सिंह, मंत्री अशोक ठाकुर कोषाध्यक्ष रेवाशंकर साव, अल्पसंख्यक मोर्चा के मोवसेराज किसान मोर्चा अध्यक्ष देवकुमार दागी पिछडी जाति मोर्चा के अध्यक्ष राजकुमार यादव, पंचायत प्रभारी लछुमण कु0 साहू पंचायत सासंद प्रतिनिधि मिथुन दागी वरिष्ठ नेता श्यामा कान्त सहाय संजय सोनी आदि बैठक मे उपस्थित रहे ।

## विधायक ने बजरंगी युवकों को भगवा झंडा देकर विदा किया

### शौर्य पथ संचलन में शामिल हुए बजरंग दल के युवक

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**


शौर्य पथ संचलन मे भाग लेने जाते बजरंग दल के युवक

बरकट्ठा बजरंग दल हजारीबाग द्वारा आहूत शौर्य पथ संचलन के लिए बरकट्ठा से बजरंग दल के युवको का समूह प्रखण्ड अध्यक्ष संजय यादव संयोजक विनोद प्रसाद की अगुवाई में हजारीबाग गए स्थानीय विधायक अमित कुमार यादव ने बजरंग दल के युवकों को भगवा झंडा देकर विदा किया ज्ञात हो हजारीबाग जिला मुख्यालय में आयोजित शौर्य दिवस के अवसर पर पथ संचलन का कार्यक्रम आयोजित है जिसमे शामिल होने के लिए बरकट्ठा से बजरंग दल के युवकों का दल कुच किए मौके पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा रामचंद्र चौधरी संयोजक विनोद प्रसाद, अध्यक्ष संजय यादव, मंत्री सत्यम भारती, सौरव कुमार, विकास कुमार, विकी चंद्रवंशी, संतोष कुमार, त्रिवेणी यादव, इंद्रदेव यादव समेत बड़ी संख्या में युवकों का दल शामिल थे ।

## पूर्व विधायक ने पीड़ित परिवार से किया मुलाकात घटना के प्रति जताया गहरा शोक


पिडित परीवार से मिलते पुर्व विधायक

**अपेम लाइवः चौपारन**
**किशोर कुमार**

बीते दिनों रेल दुर्घटना में पाण्डेयबारा पंचायत के चपरी निवासी रामफल सिंह के पुत्र मृत हो गए थे। घटना के बाद बरही के पूर्व विधायक पीड़ित परिवार से मिलने चपरी पहुँचे। इस दौरान पूर्व विधायक ने घटना के प्रति गहरी सवेदना प्रकट करते हुए पीड़ित परिवार को ढाढस बँधाया व मृतक आत्मा के शान्ती की कामना किया। इस दौरान शैलेश सिंह, मनदीप सिंह, आशुतोष सिंह, रबिश सिंह, रामजन्म सिंह, मनोज सिंह, रितेश सिंह, जितेंद्र सिंह, निशिकांत सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## चलकुशा को कोडरमा जिला में शामिल करने को लेकर सर्वदलीय मंच की सभा 22 दिसंबर को

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



प्रखंड के चलकुशा पंचायत भवन में सर्वदलीय मंच की बैठक हुई । बैठक की अध्यक्षता जेएमएम के प्रखंड अध्यक्ष सलीम अंसारी संचालन भाजपा के जिला महामंत्री जय देव चौधरी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से सर्वदलीय मंच के संयोजक सह भाजपा प्रखंड महामंत्री अजय सिंह सांसद प्रतिनिधि सुखदेव यादव विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह माले प्रखंड सचिव अशोक चौधरी मुन्ना राजा युवा नेता आलोक सिंह पंचायत समिति सदस्य दाऊद अली बाबू लाल यादव सिकंदर अली तफज्जुल अंसारी अख्तर अंसारी पूर्व उप प्रमुख भिखी सिंह भाजपा नेता इंद्रदेव चौधरी उपस्थित थे। बैठक चल कुसा को कोडरमा जिला में शामिल करना है को लेकर 22 दिसंबर को सभा किया जाएगा, सभा के मुख्य वक्ता जेएमएम के बुद्धिजीवी मंच अध्यक्ष डॉक्टर कमल नयन सिंह उपाध्यक्ष गोपाल यादव हजारीबाग जिला अध्यक्ष शंभू लाल यादव कोडरमा जिला अध्यक्ष श्याम किशोर सिंह रहेंगे। बैठक में कांग्रेस नेता अरुण चौधरी पूर्व प्रधानाध्यापक बाल गोविंद चौधरी सुल्तान अंसारी राम लखन पासवान अब्बास अंसारी बलदेव साहू संजय चौधरी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।




डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर







## कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## झामुमो नगर समिति ने सीडीएस बिपिन रावत की याद में निकाला कैंडल मार्च

**अपेम लाइव : गिरिडीह**
**रोहित कुमार**


कैंडल मार्च में शामिल लोग

रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा नगर समिति राकेश कुमार रॉकी की अध्यक्षता में शहिद सेना प्रमुख बिपिन रावत उनकी धर्मपत्नी व अन्य जवानों को, शहर के टावर चौक पहुंच उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किए। अपने संबोधन में श्री रॉकी ने बताया कि रावत साहब जीवन भर देश के लिए समर्पित रहे वहीं पार्षद प्रतिनिधि अजय कांत झा ने बताया कि हम सभी ने इस जुलूस के माध्यम से वीर शहीदों को नमन किए, पर्षद प्रतिनिधि अनिल राम ने बताया कि रावत साहब सच्चे देश भक्त थे जिन्होंने अपने पूरे जीवन काल देश की सुरक्षा में मुस्तैद रहे वहीं मौके पर उपस्थित युवा वार्ड पर्षद सुमित कुमार ने कहा कि देश सदैव इन सभी वीर शहीदों की ऋणी रहेगा। इस केंडल मार्च में राकेश रंजन, जाकिर हुसैन, शमीम गद्दी, शोभा यादव, प्रमोद कांत, श्याम सुंदर राम,राकेश सिंह टुन्ना, विष्णु गोप, पांडे यादव, अभिनव कुमार सिंह, राहुल कुमार, राजेंद्र वर्मा, शिबू वर्मा, महेंद्र रवानी, राजन, सोनू कांधवे, संतोष कुमार कंधवे, पप्पू खान, विवेक सिन्हा समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का उद्घाटन को लाइव देखा गया

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



लाइव प्रसारण देखते लोग

भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल के कार्यकर्ताओं ने नापो खुर्द मंदिर परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा काशी विश्वनाथ क०रिडोर का उद्घाटन के मौके पर लाइव प्रसारण देखा वह सुना गया प्रधानमंत्री का भव्य काशी दिव्य काशी बनाने का सपना साकार होते देख देशवासियों में खुशी का माहौल देखा गया वहीं जगह जगह पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा टीवी, रेडियो एवं अपने अपने मोबाइल फोन पर भी कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि श्रीकांत निराला , पुनम साव, मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, महामंत्री सुमन गिरी, उपाध्यक्ष अशोक साव, किशोर राणा, देवंती देवी, नरेश साव, भुपाल स्वर्णकार, लालदेव महतो, रीता देवी, आरती देवी, राजकुमार साव समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## कुशवाहा समाज परेवातरी का गठन अध्यक्ष बने गणेश, सचिव ज्ञानचंद कुमार


सचिव ज्ञानचंद ज्ञानी

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


अध्यक्ष सचिव को पुष्प गुच्छ देते लोग

कुशवाहा समाज परेवातरी की बैठक सामुदायिक भवन के सभा कक्ष में 12 दि. संबर रविवार को आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता चुनाव प्रभारी अरूण महतो व संचालन ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी ने किया। बैठक में गांव के 45 घरों के सभी महिला पुरूष शामिल हूए, समाज के पदाधिकारियों के तीन वर्षो के कार्यकाल का लेखा जोखा आय व्यय प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात समाज के नये पदाधिकारियों का चयन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष गणेश कुमार, सचिव ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, कोषाध्यक्ष मनोज कु. कुशवाहा, उपाध्यक्ष झमन महतो, सह सचिव जितेन्द्र कुमार, मनोरंजन मंत्री प्रेमचंद प्रसाद, सुचना मंत्री बैजनाथ महतो, टेंट संचालक राजु कुमार, चुनाव आयोग अरूण महतो को बनाया गया वहीं महिलाओं की समाज में भागीदारी को लेकर महिला अध्यक्ष रीना देवी, सहयोगी कंचन देवी, रेखा देवी, संध्या देवी व यशोदा देवी का चयन किया गया चयनित पदाधिकारियों का कार्यकाल 3 वर्षो का होगा। कुशवाहा समाज परेवातरी के ग्राम सचिव बनाए जाने पर ज्ञानचंद कुमार ज्ञानी ने कहा कि जिस विश्वास के साथ ग्रामीणों ने मुझे सचिव पद पर चयन किया है उस पर मैं खरा उतरने का प्रयास करूंगा एवं बिना भेदभाव के समाज हित में कार्य करूंगा। बैठक में मुख्य रूप से आनन्द प्रसाद कुशवाहा, जयनाथ महतो, देवचरन महतो, रामचरन महतो, मोहन महतो, हरि महतो, तीलक महतो, प्रकाश महतो, बिनोद महतो, बनेशवर महतो, बन्धन महतो, अवधेश कुमार, सुभाष कुमार समेत सैकड़ों महिला पुरूष शामिल हूए।

## कर्णपुरा विस्थापित रैयत समिति का बैठक संपन्न

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


बैठक में शामिल लोग

बड़कागांव कर्णपुरा विस्थापित रैयत समिति का बैठक सिंदवारी सिमर नदी के पास की गई जिसमें बैठक का अध्यक्षता संजय कुमार कुशवाहा एवं संच. ालन समिति के सचिव प्रमोद कुमार दास के द्वारा किया गया। बैठक में त्रिवेणी सैनिक कंपनी द्वारा लिए गए निर्णय में विस्थापित एवं प्रमुख प्रभावित को योग्यता के आधार पर रोजगार से जोड़ा जाएगा कंपनी द्वारा लिए गए इस निर्णय को समिति के लोगों ने तहे दिल से स्वागत किया। बैठक में ज्यादा से ज्यादा लोगों को उनके योग्यता के आधार पर रोजगार से जुड़े जाने की मांग लोगों ने की। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित समिति के उपाध्याय, प्रमोद वर्मा, उपसचिव, अजय कुमार दास, कोषाध्यक्ष, ललन कुमार दास, मीडिया प्रभारी, वारिस अंसारी, संजीत कुमार राणा, अजहरुद्दीन अंसारी, सुनील कुशवाहा, अजय कुमार कुशवाहा, दिलशाद अंसारी, एजाज अंसारी, आजम अंसारी, अशोक प्रसाद, विक्रम कुमार, साजिद अंसारी, खेमलाल कुमार, कुणाल कुमार, जगदेव राम, जोगेश्वर भुईया, महफूज अंसारी, राम लखन कुमार, मोहन साव, अब्दुल हसन, सोनू कुमार वर्मा, मुकेश राम, शिव शंकर दास, सुनील कुमार, मोहन कुमार दास एवं समिति के अन्य लोग मौजूद थे।

## आदर्श पंचायत कैंडीनगर में आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**


कार्यक्रम में शामिल लोग

प्रखंड के सांसद आदर्श पंचायत कैंडी नगर के पंचायत सचिवालय के समीप सोमवार को आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो व संचालन बीपीओ निरंजन कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में सभी विभाग के स्ट०ल लगाए गए थे। कार्यक्रम में मनरेगा वृद्धा पेंशन विधवा पेंशन आंगनबाड़ी जेएसएलपीएस पीडीएस आवास एवं अन्य विभाग के स्टाल लगाए गए थे स्वास्थ्य विभाग के लगाए गए स्ट०ल में कोविड-19 के दूर भगाने के लिए वै. क्सीनेशन भी किया गया उक्त शिविर में लगभग 5 दर्जन लोगों को वैक्सीनेशन किया गया वही गरीब मजदूरों को मनरेगा के तहत ज०ब कार्ड निर्गत किया गया एवं अ०न द स्पॉट कुछ ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी व समस्याओं को हल किया गया प्रखंड विकास पदा. धिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों समस्याओं का निदान अ०न द स्प०ट किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि गरीबों के लिए सरकार की इस योजना को इनके जानकारी के लिए दरवाजे तक पहुंचाया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत सबसे पहले पंचायत के मुखिया राजदेव राम प्रमुख रूणा देवी प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो बीपीओ निरंजन सिंह एवं राजेश दास ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया प्रखंड विकास पदाधिकारी ने उपस्थित लोगों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न प्रकार के कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

## फुलांग के युवक का नरैना में एक कुआँ से बरामद हुआ शव

**अपेम लाइव : चौपारण**


कुआँ से बरामद शव

अगले सुबह जीटी रोड स्थित नरैना निवासी दीपन साहू के कुवाँ में शव तैरता देख हड़कंप मच गया। आनन फानन में स्थानीय मुखिया रेखा देवी, समाजसेवी अशोक सिंह, गुंजन सिंह, मुनेश्वर गुप्ता, छत्रधारी यादव आदि ने अविलंब इसकी सूचना चौपारण थाना प्रभारी स्वपन कुमार महतो को दिया गया। सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुँचे थाना प्रभारी ने शव कल पुलिस बल व स्थानीय लोगों की सहायता से कुवाँ से बाहर निकाला। महज कुछ ही देर में शव का पहचान मयुरहंड़ थाना क्षेत् स्थित फुलांग निवासी भोला साव के 40 वर्षीय पुत्र बिरजू साव के रूप में हुवा। घटना के संदर्भ में परिजनों ने किसी तरह का कोई आरोप नही लगाया है। मिल रही जानकारी के अनुसार मृतक मानसिक रूप से विक्षुप्त था। इधर शव को कब्जे में लेकर चौपारण पुलिस ने अन्त. रपरिक्षण के लिए हजारीबाग भेज दिया गया। मृतक अपने पीछे एक लड़का व एक लड़की छोड़ गया।




डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## डब्ल्यूएचओ के डॉक्टर हामिद ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़कागांव का दौरा

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



बैठक में शामिल डॉक्टर बी एन प्रसाद एवं अन्य

डब्ल्यूएचओ स्वास्थ्य विभाग के टीम के डॉक्टर हामिद ने बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरिक्षण किया एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चल रहें टीकाकरण कार्यो की जानकारी ली एवं उपस्थित बीटीटी सहिया साथियों से कोविड़-19 का टीकाकरण की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। आनेवाली समस्याओं का निराकरण के लिए सुझाव देते हुए कहा गया कि लोगों में इस टीका के प्रति भ्रांतियां है डर है उसे लोगों को समझायें कि कोविड का टीका लेने से कुछ नुकसान नहीं होता है। इसके लेने से कोरोना से बचाव व रोकथाम में मदद मिलता है।वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे नवजात शिशुओं के जन्म से 5 वर्ष तक पड़ने वाले टीका की जानकारी लिया गया।साथ ही खसरा और डिप्थीरिया ( गलाघोटु) बीमारी के बारें में जानकारी के साथ इसके बचाव के लिए टीका लग. वाने और इसमें सावधानियां बरतने की भी जानकारी दी गई।और वैसे क्षेत्रों जहाँ माइग्रेशन लोग रहते हैं अति सुदूरवर्ती इलाका जिस समाज में टीका के प्रति है भय बना है वहाँ चुनौतीयां अधिक होती है पर वैसे क्षेत्रों में भी टीक. ाकरण आप सब के सहयोग से किया जाता रहा है। वहीं एसएमओ एंव बड़कागांव सामुदायिक चि. कत्सा के समक्ष बीटीटी, ब्लॉक एकाउंट मैनेजर, सहिया साथियों के द्वारा गर्भवती महिलाओं को सुदुरवर्ती क्षेत्रों से स्वास्थ्य केन्द्र तक पहुँचाने के लिए ममता वाहनों की समय पर न पहुंचने पाने की शिकायत की गई साथ ही मानदेय राशि का बकाया का प्रश्न आया इस पर एसएमओ और चिकित्सा प्रभारी द्वारा आश्वसत किया गया कि यहाँ एकाउंट से पैसा छोड़ दिया गया है अगले एक दो दिनों में आपलोगों के खाते में पहुंच जाएगी वहीं ममता वाहनों के परिचालन सुचारू रुप से हो रहा है और शिकायत है तो विशेष रूप से इस पर ध्यान दिया जाएगा।वहीं। चिकित्सा पदा. धिकारी बी एन प्रसाद ने कहा कि प्रखंड में कोविड टीकाकरण अभियान सुचारू रुप चले इसके लिए 22 टीम का गठन कर विभिन्न क्षेत्रों में दौरा कर टीका लगाया जा रहा है। इस मौके पर चिकित्सा प्रभारी बी एन प्रसाद, डॉ दीपक कुमार बीपीएम नवीन कुमार एकाउंट अशोक कुमार, बीटीटी गोपी महतो, नवीन कुमार,रोहित कुमार,बबीता देवी,सहिया साथी आशिया खातुन, तिलेश्वरी देवी, गुड़िया देवी, किरण देवी, यशोदा देवी एवं संजय कुमार आदि उप. स्थित थे।

## शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ सह द्वितीय हनुमत वार्षिकोत्सव को लेकर ध्वजारोहण

### ईश्वर की आराधना श्रेष्ठ : महंत फलाहारी बाबा

**अपेम लाइव : चौपारण**



चौपारण के बिगहा में ध्वजारोहण करते श्रद्धालु

बिगहा स्थित राजागढ परिसर में ध्वजारोहण समारोह सोमवार को विभिन्न संतों व पुजारियों की उपस्थिति में संपन्न हुई। महंत फलाहारी बाबा के परम सान्निध्य तथा विद्वान डॉ चक्रपाणि महाराज के निर्देशन में आचार्य बालमुकुंद पांडेय, कांचीपुरम के रामानुजाचार्य श्रीमन नारायण श्री निवास स्वामी , तारापीठ के खडेश्वरी बाबा, कपिल पांडेय आदि ने सामुहिक प्रार्थना और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अनुष्ठान किया। जानकारी हो कि बिगहा, राजागढ परिसर में हनुमत सेवा संस्था द्वारा नौ दिवसीय महायज्ञ समारोह वर्ष 2022 में 8 फरवरी से प्रस्तावित है।नौ दिवसीय शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह द्वितीय हनुमत महायज्ञ वार्षिकोत्सव को लेकर देवताओं के आह्वान के साथ ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान महंत फलाहारी बाबा ने बताया कि ईश्वर की आराधना श्रेष्ठ है। भगवान की भक्ति से ही सबकुछ संभव है। मौके पर पुजारी प्रेम चंद्रवंशी,आनंद चंद्रवंशी, अशोक चंद्रवंशी, संजय चंद्रवंशी, बिजय साहु,बलराम यादव, मनीष सिन्हा,प्रकाश साहु, बीरबल साहु, काजु साहु, सिकंदर साहु, पंकज,नीरज, ओम प्रकाश, प्रिंस,छोटु समेत अन्य मौजूद थे।

## बिरनी और जमुआ के सीमा क्षेत्र में हथियारबंद हमलावरों ने पत्रकार को मारा गोली, भाजपाईयों ने निकाला प्रतिवाद मार्च

**अपेम लाइव :**
**बिरनी/गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**




बिरनी में अब पत्रकार भी असुरक्षित महसुस कर रहे हैं। देश के चौथे स्तंभ कहे जाने वाले पत्रकारों की जान बचाने वाला कोई नहीं है कब किस पर जानलेवा हमला हो जाए पता नहीं। ऐसा ही एक मामला बिरनी प्रखंड के चरगो निवासी प्रभात मंत्र समाचार पत्र के पत्रकार सुनील वर्मा को हथियारों से लेस नक. ाबपोश अपराधियों ने गोली मार दिया, जिसमें सुनील वर्मा गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं। स्थानीय निवासियों ने इलाज हेतु बिरनी स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया जहां इलाज चल रहा है।जानकारी के अनुसार पत्रकार सुनील वर्मा दवाई की दुकान भी चलाते हैं। घटना रविवार की शाम लगभग 6रू00 बजे की है जब श्री वर्मा अपनी दवाई दुकान में बैठे हुए थे उसी वक्त तीन नकाबपोश अपराधी आए जिसमें एक अपराधी बाईक स्टार्ट कर खड़ा था जबकि दो अपराधी ने दवाई की दुकान में घुसकर सुनील वर्मा को गोली मार दिया सुनील वर्मा जब तक कुछ समझते तब तक दोनों हमलावर फरार हो चुके थे। उक्त परिघटना के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में +2 उच्च विद्यालय पलौंजिया से बिरा. जपुर चौक और पुनः बिरा. जपुर चौक से प्रखण्ड मुख्यालय तक प्रतिवाद मार्च निकाला गया। जिसमें झारखंड सरकार और बगा. ेदर विधानसभा के गठजोड़ विधायक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई द्य प्रतिवाद मार्च अंत में प्रखण्ड मुख्यालय बिरनी गेट के सामने एक सभा में तब्दील हो गया जहाँ वक्ताओं ने कहा कि झारखंड सरकार में अपराधियों का मनोबल अत्यधिक बढ़ गया है. झारखंड में आज कोई भी सुरक्षित नहीं है. मौके पर भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ों नेता कार्यकर्ता उप. स्थित हुए.

## हाथियों के झुंड ने दर्जनों से अधिक किसानों के लाखो का फसल को किया नुकसान

**अपेम लाइव :**
**बिरनी/गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**



हाथियों द्वारा लगे फसल को किया बर्बाद

बिरनी प्रखंड के शाखाबारा पंचायत में बीती रात दर्जनों के हाथियों के झुंड ने दर्जनों से अधिक किसानों के फसल को अपने पैरों से कुचल कर नष्ट कर दिया। बताया जाता है कि हाथियों ने गेहूं और आलू धान की फसल को नुकसान पहुंचाया है। वहीं हाथियों ने धान की फसल को कुचल कर पूरा नष्ट कर दिया। इसकी वजह से किसानों को लाखों का नुकसान हुआ है। बताया जाता है कि यह सब किसान बाजार से साहूकारों से ब्याज पर लोन लेकर गेहूं की फसल लगायी थी। लेकिन बीते रात हाथियों के झुंड ने सारे फसल को पैरों तले कुचल दिया। किसानों का कहना है कि हर वर्ष हाथियों का झुंड इसी तरह प्रवेश करता है और फसलों को बर्बाद कर देता है। लाख शिकायत के बावजूद वन विभाग के अधिकारी हाथियों के द्वारा मचाए जा रहे उत्पात पर लगाम लगाने में विफल है। किसानों का कहना अगर विभाग इसी तरह सुस्त व लजर पड़ा रहा तो हमलोगों को हाथियों के डर से खेती किसानी भी छोड़ देना पड़ेगा। क्योंकि फसल को हाथी बर्बाद कर देते हैं। बावजूद हमलोगों को कोई मुआवजा नहीं मिलता है। हाथियों की हलचल से किसान परेशान हैं। हाथियों का झुंड लगातार गांव देहात का भ्रमण कर रहा है और मौका मिलते ही कहीं घर तोड़ दे रहा है तो कहीं किसानों के द्वारा लगे खेती को नुकसान पहुंचा रहा है। हाथियों के इतने उत्पात के बावजूद विभाग लगाम लगाने में असमर्थ से दिखाई दे रहा है।

## दवा लेने के बहाने पत्रकार को मारी गोली, पत्रकार हुआ घायल

**अपेम लाइव :**
**बिरनी/गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**



घायल पत्रकार सुनील वर्मा

बिरनी प्रखंड के अंतर्गत चोंगखार के प्रभात मंत्र का पत्रकार को अपराधी ने मारी गोली। जानकारी के अनुसार बता दे कि बिरनी प्रखंड अंतर्गत चोंगखार के रहने वाले प्रभात मंत्र के पत्रकार सुनील कुमार वर्मा का दवाई दुकान मोहनोडीह चौक के पास है। जिसमें पत्रकार सुनील कुमार वर्मा आपने दवाई दुकान में बैठे थे। उसी क्रम में उधर से आये अपराधी ने पत्रकार सुनील को दर्द का दवाई का मांग किया। जब दवाई दिए तो पैसे देने के बहाने गौली चला दी औऱ साथ मे बैठी पत्रकार सुनील जी की पत्नी को धमकी देते हुऐ कहाँ की अगर हल्ला की तो तुमको भी यही टोक देंगे। ये बोलकर अपराधी वहाँ से फरार हो गया। जब उनकी पत्नी ने अपराधी फरार होने बाद उनकी पत्नी हल्ला करने लगी। वहाँ के स्थानीय लोग पहुँचकर पत्रकार सुनील कुमार वर्मा को इलाज के लिए बिरनी स्वास्थ्य केंद्र ले जाये गया। और उनका इलाज चल रहा है। वही बिरनी पुलिस जानकारी दिया गया वही बिरनी थाना प्रभारी आपने दलबल के साथ बिरनी स्वास्थ्य केंद्र पहुँचकर घायल पत्रकार सुनील कुमार वर्मा को देखा और कहाँ घटना की जांच शुरू कर दिया है। दोषी लोगो को जल्द गिरफ्तारी किया जाएगा। और कड़ी करवाई किया जाये।

**क्या कहती है उनकी पत्नी**

बता दे कि पत्रकार सुनील वर्मा की पत्नी देवी ने बातया की जब हम दोनों बैठे थे। तभी उधर से तीन सवार नकाबपोश में आया और दर्द दवा की मांग किया। वही दर्द दवा देने पर जब पैसे देने की बारी आया तो पॉकेट से पिस्टल निकलकर फयरिंग कर दिया और साथी उनकी पत्नी को धमकी दे डाला। हमलवार फरार हो गए। वही जमुआ इस्पेक्टर नवीन कुमार ने बताया कि हमलोग घटना अस्थल पर पहुँचकर जांच पड़ताल किया तो वहां खोखा बरामद हुआ है आगे की प्रकिर्या जारी है।

## राज्य के माननीय मंत्री सत्यानन्द भोगता ने श्री विनायक फैमिली रेस्टोरेंट का किया उदघाटन

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**




सोमवार को राज्य के माननीय मंत्री सत्यानन्द भोगता ने चतरा नगरपरिषद क्षेत्र के एसपी आवास के सामने श्री विनायक रेस्टोरेंट का नारियल तोड़कर और फीता काटकर विधिवत उदघाटन किया। उद्घाटन समारोह में उपस्थित लोगों को कहा कि ऊक्त होटल को खुलने से चतरा के ला. ेगो को अब लजीज व्यंजन सही दामो पर मिलेगा।वहीं होटल के संचालक मंटू सिंह ने बताया कि बाहर से चतरा आने वालों के लिए भोजन की ब्यवस्था सही ढंग से नहीं हो पाता था,आम लोगो के दिक्कत न हो उनके लिए श्री विनायक रेस्टुरेंट को मैने शुरू करवाया है।मौके पर राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, प्रदेश युवा नेता बिनोद भोगता, मंत्री प्रति. निधि गौरी यादव, मंत्री प्रतिनिधि अजय राम, मंत्री प्रतिनिधि उदय वर्मा, समा. जसेवी अरुण सिंह, मुखिया विवेक सिंह, रेस्टोरेंट संचालक मंटू सिंह, अभय सिंह, विकास सिंह, विक्की सिंह, विभूति सिंह समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार    सहयोगीः सोनू पंडित,    एडिटिंग- धनंजय कुमार    मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार